प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 19.06.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के तहत लाभार्थियों को 2 हजार 4 सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करेंगे।
- नीट यूजी पुनः परीक्षा के लिए एनटीए ने गाईडलाईन जारी की–राज्य में परीक्षा के पारदर्शी संचालन के लिए कोचिंग शहरों में एसओजी की विशेष टीमें तैनात की जायेंगी।
- प्रदेश के सभी संभागों में आज आंधी और बारिश के आसार–15 जिलों में ऑरेंज अलर्ट।
- राज्य में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर व्यापक तैयारियां–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज योगासन चैम्पियन्स के साथ योग किया।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत 2 हजार 4 सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करेंगे। अगस्त 2025 से शुरू हुई इस योजना के अंतर्गत अब तक 63 लाख से अधिक कर्मचारियों को औपचारिक कार्यबल में शामिल किया गया है, जिनमें लगभग 30 प्रतिशत महिलाएं हैं। श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने बताया कि प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वाले 80 प्रतिशत से अधिक प्रतिष्ठान, 25 से कम कर्मचारियों वाले लघु उद्यम हैं। डॉ. मांडविया ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 15 लाख से अधिक लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से प्रोत्साहन राशि भेजी जाएगी। पहली सरकारी नौकरी पाने वाले युवाओं को दो किस्तों में 15 हजार रुपये तक का प्रोत्साहन मिलेगा। देशभर में 200 स्थानों पर समानांतर क्षेत्रीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। जयपुर में आयोजित एक प्रेसवार्ता में अपर केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त अजीत कुमार ने बताया कि राजस्थान में ये कार्यक्रम जयपुर सहित सात स्थानों पर होंगे।

.....

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत विश्व के लिए एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में उभर रहा है। कल रात पेरिस में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि एक समय था जब देशों के बीच संबंध केवल व्यापार पर आधारित होते थे, लेकिन आज व्यापार के साथ–साथ विश्वास भी उतना ही महत्वपूर्ण हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब उनकी सरकार के 12 वर्ष पूरे हुए तब वे फ्रांस पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले 12 वर्षों में सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास देखा है।

......

0000

21 जून को होने वाली नीट यूजी 2026 पुनः परीक्षा के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए हैं। दिशा निर्देशों के अनुसार, परीक्षार्थी, परीक्षा केंद्र में केवल पारदर्शी पानी की बोतल और प्रवेश पत्र रखने के लिए पारदर्शी प्लास्टिक पाउच ही ले जा सकते हैं। कलावा, पगड़ी या हिजाब जैसे धार्मिक प्रतीक और पूरी बाजू के कपड़े पहनने वाले अभ्यर्थियों को सघन जांच के लिए समय से पहले पहुंचना होगा। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, भारी आभूषण और धातु की वस्तुएं पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगी। दूसरी ओर, परीक्षा को पारदर्शी और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पेपर लीक जैसी किसी भी संभावित गड़बड़ी को रोकने के लिए राज्य पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप–ैव्ळ ने प्रदेशभर में विशेष टीमें तैनात की हैं। ये टीमें कोटा, सीकर और जयपुर जैसे प्रमुख कोचिंग शहरों में शिक्षण संस्थानों, हॉस्टलों, पीजी और सोशल मीडिया गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रख रही हैं।

0000

पांचना बांध से सिंचाई जल के गतिरोध को सुलझाने के लिए प्रशासन के प्रयास लगातार जारी हैं। इस मुद्दे पर आज भरतपुर संभागीय आयुक्त कार्यालय में एक संयुक्त बैठक रखी गई है। बैठक में सभी पक्षों से चर्चा कर विवाद का हल निकालने और आम सहमति बनाने का प्रयास किया जायेगा। इससे पहले कल भी संभागीय आयुक्त नलिनी कठौतिया की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इसमें भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चन्द्र विश्नोई, सवाईमाधोपुर और करौली के जिला कलक्टर सहित सवाईमाधोपुर के किसान प्रतिनिधि मौजूद

रहे। बैठक में किसानों ने उच्च न्यायालय के आदेशो के अनुसार नहरों में सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने की प्रमुखता से मांग रखी। गौरतलब है कि करौली के किसान प्रतिनिधी महापंचायत में व्यस्त होने के कारण कल की बैठक में भाग नहीं ले पाये थे। इसलिए आज फिर से बैठक रखी गई है।

0000

प्रदेश के लूनी बांध का नाम अब सम्राट पृथ्वीराज चौहान के नाम पर रखा जाएगा। जल संसाधन राज्य मंत्री सुरेश सिंह रावत ने ब्यावर के आशापुरा माता धाम में आयोजित एक समारोह में यह घोषणा की। सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान का जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। इतिहास में वीरों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है।

0000

राज्य में कुछ दिनों से जारी आंधी–बारिश की गतिविधियों से तापमान गिरावट आई है और हीटवेव से पूरी तरह राहत मिली हुई है। ज्यादातर स्थानों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। 41 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस के साथ श्रीगंगानगर सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं रात के पारे में भी गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के वायुमंडल में बने नये सिस्टम से हवाओं की नमी में तेजी से बदलाव आया है। इससे आज राज्य के सभी संभागों में बारिश के आसार है। 15 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। विभाग के अनुसार राज्य के पूर्वी हिस्सों में गरज–चमक के साथ झमाझम बारिश हो सकती है। इस दौरान कहीं–कहीं तेज हवा भी चल सकती है। वहीं पश्चिमी राजस्थान में भी कुछ जगह हल्की बरसात की संभावना है। इस बीच, कल दोपहर बाद चूरू, झुंझुनूं, श्रीगंगानगर, भीलवाड़ा और हनुमानगढ़ में मौसम अचानक बदला और तेज अंधड़ के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ। झुंझुनूं और नवलगढ़ में ओले भी गिरे।

**0000**

21 जून को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर मनाया जायेगा। इसके लिए सुबह 6 बजे से राज्य के सभी जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तरों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी अजमेर में और डॉ. प्रेमचन्द बैरवा भीलवाड़ा में योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके अलावा सभी कैबिनेट और राज्यमंत्री अपने–अपने प्रभार वाले जिलों में आमजन के साथ योगाभ्यास करेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी प्रभारी मंत्री और अधिकारी कल ही अपने निर्धारित जिला मुख्यालयों पर पहुंच जाएंगे। इस बीच योग दिवस काउन्ट डाउन कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। जगह जगह योग शिविरों के माध्यम से लोगो को योग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने आवास पर योगा चैम्पियन्स के साथ योग किया। **इधर** हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि आज शहर के विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में सामूहिक योगाभ्यास किया गया।

.....

0000